लोक सभा अध्यक्ष ने श्री दिलीप सिंह भूरिया, संसद सदस्य के निधन पर शोक प्रकट किया

नई दिल्ली, 24 जून, 2015: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने श्री दिलीप सिंह भूरिया, संसद सदस्य के निधन पर शोक प्रकट किया है । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः-

"मुझे श्री दिलीप सिंह भूरिया के निधन का समाचार पाकर बहुत दुःख हुआ । श्री भूरिया एक अनुभवी नेता थे जो जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध थे और उनकी लोकतांत्रिक मूल्यों में गहरी आस्था थी । छह बार संसद सदस्य और अनेक संसदीय समितियों के सदस्य रहे श्री भूरिया एक अनुभवी सांसद के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर सार्थक योगदान देने के अलावा मध्य प्रदेश विधान सभा के भी सदस्य रहे । अपने सुदीर्घ संसदीय करियर के दौरान श्री भूरिया ने संसदीय संस्थाओं की प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखा । मैं श्री भूरिया के शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रेषित करती हूं । "